हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026

06 सेवा और श्रद्धा का संगम, विठलेश सेवा समिति ने...

09 मालवा के कश्मीर को पर्यटन की नई ऊंचाईयां ...




### जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 1297 से बढ़कर 1367 हुई मतदान केंद्रों की संख्या

# एसआईआर: जिले में 9.97 लाख मतदाता, आष्टा में सबसे ज्यादा, मतदान केंद्रों में बुधनी अव्वल

मतदान के दिन अब लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। जिले में पहले कुल 1257 मतदान केंद्र थे। 110 नए केंद्र जोड़ते हुए इनकी कुल संख्या 1367 कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**कहां कितने मतदाता**
आष्टा: 2,82,058 मतदाता
बुधनी: 2,74,509 मतदाता
इछावर: 2,27,640 मतदाता
सीहोर: 2,13,639 मतदाता
थर्ड जेंडर: कुल 22 मतदाता



जिला निर्वाचन कार्यालय ने शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के मार्गदर्शन में जारी हुई इस नई सूची में कई रोचक आंकड़े सामने आए हैं। इस बार के 'वोटर मीटर' ने बता दिया है कि जिले में सियासी बिसात बिछाने वाले योद्धाओं को अब 9 लाख 97 हजार 846 मतदाताओं का भरोसा जीतना होगा। आंकड़ों के अनुसार जिले की आष्टा विधानसभा 2 लाख 82 हजार 058 मतदाताओं के साथ जिले में नंबर वन पर है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि जहां सबसे ज्यादा वोटर आष्टा में हैं, वहीं मतदान केंद्रों के मामले में बुधनी विधानसभा सबसे आगे निकल गई है। मतदाताओं की सुगमता के लिए प्रशासन ने बुधनी में सबसे अधिक 390 मतदान केंद्र बनाए हैं।

### 110 नए केंद्र बनाए

मतदान के दिन अब लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। जिले में पहले कुल 1257 मतदान केंद्र थे। प्रशासन ने इस बार 110 नए केंद्र जोड़ते हुए इनकी कुल संख्या 1367 कर दी है। विधानसभावार देखें तो आष्टा में 375, इछावर में 308 और सीहोर में 294 केंद्र निर्धारित किए गए, जबकि सबसे ज्यादा बुधनी में 390 मतदान केंद्र बनाए हैं।

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में प्रकाशन

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी राजनैतिक दलों को इस महा.पुनरीक्षण की बारीकियां समझाईं। बैठक में भाजपा से आशीष पचौरी, कांग्रेस से घनश्याम यादव व विवेक राठौर, बसपा से एनपी सागर और आम आदमी पार्टी से चेतन कुमार वास्तवार मौजूद रहे।

### सूची पूरी तरह शुद्ध

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार सूची को पूरी तरह शुद्ध किया गया है। गहन जांच के माध्यम से उन नामों को हटाया गया जो अपात्र थे या जो अब उस क्षेत्र में नहीं रहते। साथ ही उन युवाओं और पात्र नागरिकों को जोड़ा गया है जो पहली बार अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करेंगे।

### 'आधी आबादी' अभी भी पीछे

जागरूकता अभियानों के बावजूद एक बड़ी विडम्बना सामने आई है। जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 5 लाख 17 हजार 850 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 79 हजार 974 पर सिमट गई है। यानी 1000 पुरुषों के मुकाबले जिले में केवल 927 महिला मतदाता ही दर्ज हैं। हालांकि सीहोर विधानसभा इस मामले में बेहतर है, जहां जेंडर रेशियो 946 है।

## खबर संक्षेप

### पहली बार ऑनलाइन एप से होगी गिद्ध गणना

**सीहोर।** प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025-26 में शीतकालीन गणना 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक सूर्योदय से सुबह 9.00 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त एवं 09 टाईगर रिजर्व में गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों, डब्लू डब्लू.एफ., डब्लू.आई.आई. के प्रतिभागियों के अतिरिक्त स्वंय सेवक एवं फोटोग्राफरों के द्वारा मिलकर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना की शुरूआत वर्ष-2016 से की गई थी जिसमें 7,028 गिद्धों का आंकलन किया गया था। गिद्ध गणना वर्ष-2025 में शीतकालीन गणना में 12710 एवं ग्रीष्मकालीन गणना वर्ष-2025 में 9509 गिद्धों का आंकड़ा प्राप्त हुआ था। मध्यप्रदेश में कुल 07 प्रजातियों के गिद्ध पाये जाते हैं, जिसमें से 04 प्रजातियों स्थानीय हैं एवं 03 प्रजातियाँ प्रवासी हैं, जो ठंड के समाप्त होते ही वापस चली जाती हैं। प्रथम चरण की गणना तब की जाती है जब उपरोक्त सभी प्रजातियों के गिद्ध घोंसले बनाकर अपने अंडे दे चुके होते हैं या देने की तैयारी में होते हैं। इसी प्रकार से फरवरी माह आने तक इन घोंसलों में अंडों से नवजात गिद्ध निकल चुके होते हैं तथा वे उड़ने की तैयारी करते होते हैं। इसलिये गणना करने के लिये शीत ऋतु का अंतिम समय उचित होता है जिससे स्थानीय तथा प्रवासी गिद्धों की गणना हो जाए।

### सब्जियों की बोवनी, 15 मार्च तक का समय सही

**सीहोर।** ग्रीष्मकालीन सब्जियों की पौध की तैयारी व बोवनी का यह उपयुक्त समय चल रहा है। बोवनी 15 मार्च तक कर सकते हैं। ग्रीष्मकालीन सब्जियों लौकी, कद्दू, करेला, तोरई, खीरा, टिंडा की बुवाई का यह उपयुक्त समय है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इनके लिए बलुई दोमट मिट्टी, जिसका पीएच मान 6 से 7.5 के मध्य हो उपयुक्त होती है।

### लेखा प्रशिक्षण-सत्र 1 अप्रैल से 30 जून तक

**सीहोर।** लेखा प्रशिक्षण शाला भोपाल में नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रेल से प्रारंभ होकर 30 जून तक संचालित होगा। प्रशिक्षण में सम्मलित होने के इच्छुक भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत सभी जिलो के लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है की वे अपने आवेदन-पत्र तीन मूल प्रतियों में कार्यालय प्रमुख से अभिप्रमाणित कराकर लेखा प्रशिक्षण शाला में 16 मार्च जमा करें। प्राचार्य लेख प्रशिक्षण शाला ने बताया कि वित्त विभाग के अनुसार वही लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी पात्र होंगे जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो चुकी है तथा जिन्होंने सीपीसीटी परीक्षा पास की हो या फिर नियमानुसार छूट प्राप्त हो।

## राजा भोज परमार वंश के अत्यंत प्रतापी, न्यायप्रिय और कला-प्रेमी शासक थे: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

### आज किया जाएगा राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण

**सीहोर।** राजा भोज परमार वंश के एक अत्यंत प्रतापी, न्यायप्रिय और कला-प्रेमी शासक थे, जो केवल मालवा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की आस्था और लोक संस्कृति में एक लोक-नायक के रूप में रचे-बसे हैं। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि रविवार को भोपाल नाके पर आयोजित राजा भोज की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल रहे।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका और परमार समाज के सहयोग से वार्ड क्रमांक सात की पार्षद हेमलता विजेन्द्र परमार के द्वारा भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नगर के भोपाल नाका चौराहे पर दोपहर 12 बजे परमार वंश के महान शासक राजा भोज की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सीहोर नगर पालिका परिषद एवं समस्त परमार समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पिछले 15 दिनों से लगातार तैयारियां चल रही हैं और समाजजन घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, मंत्री इंदर सिंह परमार,



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सहित सीहोर व शाजापुर जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजजन शामिल होंगे। भोपाल नाका चौराहे पर स्थापित की जा रही राजा भोज की प्रतिमा प्रदेश के गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक मानी जा रही है। आयोजकों का कहना है कि राजा भोज ने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, जल प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की प्रेरणा देती रहेगी।

प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने पर परमार समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के प्रति आभार भी व्यक्त किया जाएगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंच, स्वागत द्वार, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारियां की गई हैं। अनावरण समारोह के पश्चात मुरली स्थित राजा भोज मैरिज गार्डन में समाजजन एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। वार्ड 7 के पार्षद हेमलता विजेंद्र परमार और आयोजन के व्यवस्थापक व समिति के सदस्य विमल परमार ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर प्रदेश के लाल राजा भोज की प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कल से स्टेशन पर रुकेंगी अहमदाबाद और बांद्रा एक्सप्रेस, सांसद और विधायक दिखाएंगे हरी झंडी

### सीहोर को रेलवे की बड़ी सौगात

**सीहोर।** शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए रेलवे ने सीहोर स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों अहमदाबाद-गोरखपुर और बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दे दी है। कल यानी 23 फरवरी को भोपाल सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय अन्य अतिथियों के साथ सीहोर स्टेशन पर इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर ठहराव का शुभारंभ करेंगे।

### ट्रेनों का समय और शेड्यूल

गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस (19490): यह ट्रेन 23 फरवरी को शाम 5.28 बजे सीहोर आएगी और



5.30 बजे रवाना होगी।

अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (19489): यह ट्रेन 24 फरवरी से रोजाना शाम 7.14 बजे सीहोर पहुंचेगी।

बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस (19091): यह ट्रेन 23 फरवरी को शाम 7.14 बजे सीहोर स्टेशन पर रुकेगी।

गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस (19092): यह ट्रेन 24



फरवरी से शाम 5.28 बजे सीहोर स्टेशन पर आएगी।

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि यात्री समय सारिणी की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट या रेल मदद ऐप के माध्यम से ले सकते हैं। बता दें इन ट्रेनों के रुकने से अब सीहोर के यात्रियों को गुजरात और उत्तर प्रदेश की यात्रा करने में काफी आसानी होगी।

### रैन बसेरा में पुस्तकों के दान करने की अपील

**सीहोर।** शहरी क्षेत्र मे संचालित आश्रय स्थल (रैन बसेरा मे आने वाले नागरिको को हिन्दी साहित्य व प्रेरणादायी पुस्तके ज्ञानवर्धक (जनरल नालेज) पढाने के लिए सुगमता से प्राप्त हो सके, उसके लिए सीएमओ नगर पालिका ने शहर के दानदाताओं से अपील की है कि वे पुस्तकों का दान रैन बसेरा में करके साहित्य को बढ़ावा देने मे सहयोग करें। रैन बसेरा नगरीय क्षेत्र गंगा आश्रम जिला अस्पताल के समीप एक रैन बसेरा नगर पालिका द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नये पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नये डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही। विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी रिटर्न फाइलिंग करने में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्य में है। बोगस पंजीयन की रोकथाम के लिए पंजीयन आवेदन के साथ व्यवसाय स्थल के प्रमाण के रूप में दिए गए उपभोक्ता बिजली क्रमांक का ऑनलाइन वेरिफिकेशन विद्युत वितरण कंपनी के डेटा से करने की व्यवस्था की गई है।

## तीन दिन से मौसम बदला: श्यामपुर आष्टा और जावर में हुई बारिश

### बारिश से गेहूं की चमक पड़ जाएगी फीकी

**सीहोर।** जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। दो दिन की गर्मी के बाद परसों से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है। बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले चार दिनों से तापमान 11 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में मौसम का मिजाज पहले सप्ताह से काफी अलग है। पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा और कड़ाके की ठंड थी, वहीं दूसरे सप्ताह में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। तीसरे सप्ताह की शुरुआत में तेज धूप के कारण दोपहर में गर्मी महसूस होने लगी थी, लेकिन परसों रात से मौसम ने फिर करवट ली।

बुधवार सुबह 9 बजे तक सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाईं, क्योंकि आसमान में घने बादल छाए हुए थे। परसों रात से लेकर



मंगलवार और बुधवार सुबह भी रिमझिम बारिश हुई, जिससे सुबह के समय ठंड का अहसास हुआ। जिले में हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार, श्यामपुर में 1.3 मिलीमीटर, आष्टा में 4.0 मिलीमीटर और जावर में 3.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान इस प्रकार रहा है। 10 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस, 11 फरवरी को 14 डिग्री सेल्सियस, 12 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 13 फरवरी को 13 डिग्री सेल्सियस, 14 फरवरी को 16 डिग्री सेल्सियस, 15 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 16 फरवरी को 18 डिग्री सेल्सियस, 17 फरवरी को 19 डिग्री सेल्सियस, 18 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 19 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस, 20 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस और 21 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस रहा।

### नगर पालिका के अमले के साथ सीवेज कार्य का निरीक्षण किया

## क्षेत्रवासी सड़क निर्माण से पहले कनेक्शन लें, पाइप लाइन बिछाई जाएगी: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के अधिकांश हिस्से में नगर पालिका के माध्यम से अमृत योजना अंतर्गत सीवेज का कार्य तेजी से किया गया जा रहा है। पटेल कालोनी, बढ़ियाखेड़ी, मंडी आदि में सीवेज का कार्य पूर्ण होने की कागर पर है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने नगर पालिका के अमले के साथ सीवेज कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सड़क निर्माण से पहले कनेक्शन ले, पाइप लाइन बिछाई जाने के बाद नल कनेक्शन नहीं मिलेगा, दो सालों तक का इंतजार करना पड़ सकता है। नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसके



अनुसार सीवेज लाइन का कार्य पूर्ण होने के बाद ही सड़कों का निर्माण-कायाकल्प किया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि पहले से बनी सड़कों को बार-बार खुदाई करने से बचाया जा सके और नागरिकों को असुविधा न हो। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण के पूर्व ही रहवासी अपने घरों में सीवेज कनेक्शन और नल कनेक्शन सुनिश्चित कर लें। शहर के वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में 28 किलोमीटर से अधिक की सीवेज लाइन बिछाने का काम चल रहा है। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जहां खुदाई पूरी हो चुकी है, वहां तुरंत मिट्टी हटाकर सड़क का समतलीकरण किया जाए। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवेज और पाइपलाइन का काम पूरा होने पर ही पक्की सड़कों का निर्माण किया जाएगा ताकि शहर को खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति मिल सके। यदि ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़ता है या गुणवत्ता में कमी आती है, तो उसे सख्ती की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सड़कों की स्थिति सुधारने और कायाकल्प के लिए सरकार द्वारा करोड़ों का बजट स्वीकृत किया गया है। नगर पालिका के अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सीवेज और पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य में सहयोग करें और सड़क बनने से पहले अपना कनेक्शन सुनिश्चित करें, ताकि बाद में सड़क को दोबारा न खोदना पड़े।

### सात दिवसीय भागवत कथा का समापन, सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण

**सीहोर।** ग्राम लसूडिया खास में जारी सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन के अवसर पर भव्य रूप से भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। दशनामी गोस्वामी परिवार और समस्त ग्रामवासी लसूडियाखास के संयोजक पंडित ओम गिरी महाराज आदि शामिल थे। सात दिवसीय कथा के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। इस संबंध में मोहन गोस्वामी ने बताया कि यहां पर भगवान शिव का मंदिर का निर्माण किया गया है। कथा के अंतिम दिवस भगवान श्री कृष्ण और भक्त सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के अंतिम दिन पंडित संजय गोस्वामी ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म, कपिल संवाद का प्रसंग सुनाया। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला जिसने मेरे पिता का अपमान किया है आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित है और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। देवयोग वश परीक्षित ने आज वही मुकुट पहन रखा था।

**खबर संक्षेप**

## ई-उपार्जन पोर्टल पर चना और मसूर का पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी 2026 से चना एवं मसूर का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 16 मार्च 2026 तक चलेगा। चना एवं मसूर का पंजीयन गेंहू पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने चना एवं मसूर की बुवाई की है, वे शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर पंजीयन हेतु निर्धारित लिंक से स्वयं के मोबाईल, कम्प्यूटर तथा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय के सुविधा केंद्र, सहकारी, विपणन समिति द्वारा संचालित केंद्र अथवा एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र तथा सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी, सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति ले जाना अनिवार्य है। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान उनके आधार नंबर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा, इसलिए किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता तथा मोबाईल नम्बर लिंक कराकर रखें ताकि भविष्य में असुविधा न हो।

## हसनाबाद में आयोजित की जा रही है श्रीमद् भागवत कथा



**सीहोर।** हसनाबाद में सुख समृद्धि उन्नति और कल्याण के उद्देश्य से ग्राम वासियों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा वाचक सुश्री रितिका नागर के द्वारा ग्राम वासियों को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में पहुंचकर अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर और समाजसेवी शेट्टी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा वाचक रितिका नागर का अंगवस्त्रम पुष्प भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर ने गीता जी और समस्त देवी देवताओं की विधिवत्त पूजा अर्चना की और कथावाचक सुश्री नागर का आशीर्वाद लिया। अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर ने श्रद्धालुओं के समक्ष बताया कि रितिका नागर 12 वर्ष की आयु से श्रीमद् भागवत कथा का वचन कर रही है। अब तक वह देश के 150 से अधिक स्थानों पर श्रीमद् भागवत कथा की पावन गंगा बहा चुकी है सुश्री नागर ने सनातन धर्म की प्रतीक को पूरी दुनिया में लहराया है और नागर धाकड़ समाज का भी नाम रोशन किया है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में हसनाबाद के सरपंच अखिलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

### “जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना गांव” के नारों से गूंजा परिसर, महिलाओं ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

# 100 आदिवासी महिलाएं पहुंची गोपालपुर थाना शराबबंदी की मांग को लेकर किया थाने का घेराव

आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता देवीसिंह दुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। महिलाओं ने थाना प्रभारी से स्पष्ट मांग की कि ग्राम पिपलानी और फांडकी में कच्ची-पक्की शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







नशे के खिलाफ आदिवासी महिलाओं का गुस्सा शनिवार को सड़कों पर दिखाई दिया। गोपालपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपलानी और फांडकी की करीब 100 आदिवासी महिलाएं चार ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सीधे थाने पहुंचीं और घेराव कर शराबबंदी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर स्पष्ट संदेश दिया—“कुछ पल का नशा, सारी उम्र सजा” और “जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना गांव।” महिलाओं का आरोप है कि ग्राम पिपलानी और फांडकी में खुलेआम कच्ची और देशी शराब की बिक्री हो रही है। इससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में पुरुष आए दिन घरों में विवाद करते हैं, महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं और कभी-कभी जानलेवा हमला तक कर देते हैं। कई मामलों में चूल्हे की जलती लकड़ी, पत्थर और दरांती जैसे औजारों से हमला करने की घटनाएं सामने आई हैं। महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण कई परिवार तबाह हो चुके हैं और कुछ मामलों में महिलाओं की जान भी जा चुकी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शराब और राजश्री गुटखे की उपलब्धता से छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की लत में फंस रहे हैं। इससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। महिलाओं ने कहा कि गांव की आर्थिक स्थिति भी शराब के कारण प्रभावित हो रही है। मेहनत की कमाई नशे में खर्च हो रही है, जिससे परिवार कर्ज और अभाव की स्थिति में पहुंच रहे हैं। इस दौरान आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता देवीसिंह दुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। महिलाओं ने थाना प्रभारी से स्पष्ट मांग की कि ग्राम पिपलानी और फांडकी में कच्ची-पक्की शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो महिलाएं व्यापक आंदोलन करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी गोपालपुर थाना क्षेत्र के इटावा, इटारसी सहित अन्य गांवों की महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पुलिस और प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण अवैध शराब का कारोबार बेखौफ जारी है। शनिवार को थाने के बाहर महिलाओं का शांतिपूर्ण प्रदर्शन प्रशासन के लिए चेतावनी की तरह देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचल में बढ़ते नशे के खिलाफ महिलाओं की यह एकजुटता सामाजिक बदलाव का संकेत मानी जा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस जनआक्रोश को गंभीरता से लेते हुए क्या कार्रवाई करते हैं या फिर महिलाओं को अपने आंदोलन की राह पर आगे बढ़ना पड़ेगा। नशे के खिलाफ उठी यह आवाज केवल दो गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में फैलते सामाजिक संकट की ओर इशारा कर रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह आंदोलन व्यापक रूप ले सकता है।

# नाबालिग की हत्या करने वाली मां और उसका प्रेमी गिरफ्तार, गला घोंटकर कर दी थी हत्या

**रेहटी।** सीहोर जिले के रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरी में 9 वर्षीय बालिका राधिका की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसकी मां और मां के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने अपने प्रेम प्रसंग में बाधा बनने के कारण 17 फरवरी को साजिश रचकर इस वारदात को अंजाम दिया था। वर्तमान में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बाबरी निवासी सुषमा यदुवंशी ने रेहटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी 9 वर्षीय बेटी राधिका की किसी अज्ञात व्यक्ति ने गला घोंटकर हत्या कर दी है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर अपनी जांच शुरू की थी।



**पुलिस की पूछताछ में प्रेमी ने कबूला जुर्म :** सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई। जांच के दौरान उपनिरीक्षक नंदराम अहिरवार और उनकी टीम ने ग्राम बाबरी पहुंचकर संदिग्ध आरोपी राहुल यदुवंशी (35) से पूछताछ की। पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसका मृतका की मां सुषमा यदुवंशी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और राधिका उनके मिलने में बाधा बनती थी।

### साजिश के तहत मां गई काम पर, प्रेमी ने घर में घुसकर घोंटा गला

आरोपी राहुल के अनुसार, उसने और सुषमा ने मिलकर राधिका की हत्या की साजिश रची थी। योजना के तहत सुषमा ने राहुल से कहा था कि वह 17 फरवरी को सुबह 9 बजे मजदूरी करने के लिए ढाबे पर चली जाएगी, तब राधिका घर पर अकेली होगी। इसी तय योजना के अनुसार, राहुल 17 फरवरी को दिन में 11:30 बजे सुषमा के घर में घुसा और वहां अकेली राधिका की लेगी (Legging) से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

### दोनों आरोपी गिरफ्तार

वारदात की पूरी साजिश का खुलासा होने के बाद पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल यदुवंशी (36), पिता रामगोपाल यदुवंशी और सुषमा यदुवंशी (35), पति स्व. मेहताब सिंह यदुवंशी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी सीहोर जिले के रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरी के निवासी हैं।

## 30 हजार से ज्यादा वाहन मालिक और लाइसेंसधारियों को अब मिलेंगे स्मार्ट कार्ड

**सीहोर।** जिले में पिछले एक साल में 30,000 से ज्यादा वाहन मालिकों और ड्राइविंग लाइसेंस धारकों से स्मार्ट कार्ड शुल्क के रूप में 200-200 रुपए वसूले गए थे, लेकिन किसी को कार्ड नहीं मिला। अब परिवहन विभाग ने निर्णय लिया है कि इन सभी आवेदकों को बिना दोबारा शुल्क लिए स्मार्ट कार्ड दिए जाएंगे। पिछले साल अक्टूबर से पूरे राज्य में वाहन पंजीयन और लाइसेंस के लिए सिर्फ ई-कार्ड की पीडीएफ जारी की जा रही थी। इसका वाहन मालिकों और लाइसेंसधारियों ने विरोध भी किया था। स्मार्ट चीप कंपनी का टेंडर खत्म होने के कारण पंजीयन करवाने वाले वाहन मालिकों और लाइसेंसधारियों के कार्ड बनना बंद हो गए। परिवहन विभाग एक साल से कार्ड बनाने के नाम पर 200-200 रुपए ले रहा है। बता दें कि भोपाल में परिवहन विभाग ने एक कंपनी को स्मार्ट कार्ड बनाने का टेंडर जारी किया है। यह कंपनी शुरुआत में पहले उन वाहन मालिकों और लाइसेंसधारियों के कार्ड जारी करेगी, जिन्होंने पूर्व में राशि जमा कर दी है। इन लोगों को वर्ष 2026 में स्मार्ट कार्ड देने का लक्ष्य तय किया गया है। बता दें कि जिला परिवहन कार्यालय में हर महीने 1,000 से ज्यादा लाइसेंस, 2,000 से ज्यादा वाहन पंजीयन और ट्रांसफर होते हैं। एक साल में यह आंकड़ा 30,000 के पार चला जाता है। हालांकि जिला परिवहन कार्यालय में स्मार्ट कार्ड वितरण को लेकर अभी लिखित में कोई आदेश नहीं आया है। मोबाइल पर एसएमएस कर देंगे जानकारी वाहन पंजीयन, वाहन ट्रांसफर और लाइसेंस बनवाने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट पर सभी के मोबाइल नंबर दर्ज किए जाते हैं। वाहन मालिकों के चालू मोबाइल नंबर रहते हैं, क्योंकि इन पर ओटीपी जनरेट होने पर ही परिवहन विभाग का काम होता है।

# सेवा और श्रद्धा का संगम, विठलेश सेवा समिति ने स्टेशन पर श्रद्धालुओं को वितरित की प्रसादी



**सीहोर।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा से आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान सेवा और समर्पण का अद्भुत नजारा देखने को मिला। वि_लेश सेवा समिति नगर इकाई द्वारा महोत्सव के अंतिम चार दिनों में रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

इस पुनीत कार्य की सबसे खास बात यह रही कि शहर के विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्रों के दिग्गजों ने एक साथ मिलकर भक्तों की सेवा की। विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने स्वयं उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। नेताओं और समाजसेवियों को अपने बीच सेवा करते देख बाहर से आए श्रद्धालु भी अभिभूत नजर आए।

### दिन-रात सेवा में डटी रही समिति की टीम

समिति के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले हर भक्त की सुविधा का ध्यान रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबू भाई मिस्त्री, सुरेश साबू, राम मित्तल, अजय अग्रवाल, अनिल राय, दीपक शर्मा, भारत गुप्ता, शैलेश अग्रवाल, सुरेंद्र रहलन, हरगोविंद सोनगरा, मनीष शर्मा, गिरीश मेहता, मनोज चौरसिया, गोविंद डिसोरिया, राजा अग्रवाल और आशीष गहलोत सहित पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### महिला शक्ति ने भी बढ़ाया हाथ

प्रसादी वितरण और व्यवस्थाओं को संभालने में महिला सदस्यों ने भी बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। अंजू अग्रवाल, गायत्री साबू, ज्योति अग्रवाल, माया शर्मा, शालिनी माहेश्वरी और अनुष्का अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने अपनी निस्वार्थ सेवा से आयोजन को भव्य बनाया। राजेंद्र शर्मा, भारत मंत्री, भरत बरिया, पवन गुप्ता, विजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल, ईश्वर सिंह ठाकुर, रवि खत्री, कमल अग्रवाल, आदर्श राठौर, योगेश राठी, सुदीप लोबानिया, अंशुल शर्मा, राघव मेहता और कुंज शर्मा जैसे कार्यकर्ताओं के परिश्रम से यह सेवा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शिविर लगाकर किया गया 571 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 20 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 386 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 185 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 75 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



### कथा में धूमधाम से मनाया भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव, उमड़े श्रद्धालु

# जब-जब दैत्यों का अत्याचार बढ़ा, तब धरती पर भगवान ने लिया है अवतार : पूजा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

समीपस्थ ग्राम ककरदा मे चल रही भागवत कथा के चोथे दिन कथा वाचक पूजा शर्मा ने कहा पृथ्वी पर जब-जब दुष्टों का प्रभाव पड़ता है तब तक दुष्टों के संहार करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं जब जब धरती पर दैत्यों का अत्याचार बड़ा तब-तब भगवान ने अवतार लेकर दैत्यों का संहार किया।

उक्त बातें ककरदा के मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पुजा शर्मा ने कहते हुए कहा कि भगवान कृष्ण के साथ-साथ श्री राम जन्म की मंगलमय कथा सुनाई भगवान के दोनों अवतारों में फर्क इतना है कि मैं राम जी के चरित्र को जीवन में उतार कर उनके चरित्र पर चलना चाहिए जबकि कृष्ण के चरित्र का चिंतन करना चाहिए जब-जब रावण और कंस का अत्याचार बड़ा भगवान राम और कृष्ण बनकर प्रकट हुए और उनका उद्धार किया। आज कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से भक्तो ने मनाया मनाया आतिशबाजी के साथ नन्ने कृष्ण के जन्मोत्सव मे पुजा शर्मा के मधुर भजनो पर माता बहने यूवा पूरूष बच्चे झूम उठे वासुदेव रुपी अरविंद जाट जब नन्हे बालक वेदानस चौहान रूपी श्री कृष्ण को टोपले में लेकर पांडाल में प्रवेश किया तो चारों और पुष्प वर्षा होने लगी और पूरा पांडाल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष भागवत कथा मे आसपास के गांव से कथा का श्रवण किया आज की कमल पटेल सहपत्नी की आरती की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।





# संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्राम नीलकंठ में क्लस्टर स्तरीय शिविर संपन्न

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में “संकल्प से समाधान” अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। इसी क्रम में अभियान के तहत भैरूंदा जनपद की नीलकंठ ग्राम पंचायत में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि “संकल्प से समाधान” अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है।



### नरसिंहगढ़ महोत्सव की वाटर स्पोर्ट्स तक व्यापक कार्ययोजना तैयार

# मालवा के कश्मीर को पर्यटन की नई ऊंचाईयां देने की दिशा में बढ़े कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मालवा के कश्मीर कहे जाने वाले शहर नरसिंहगढ़ में जल्दी ही व्यापक कार्ययोजना पर काम चालू किया जाएगा जिससे वहां पर पर्यटकों के लिए अच्छा माहौल दिया जा सके। पर्यटन गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, वनमंडलाधिकारी बैनी प्रसाद दौतानिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आगामी महीनों में नरसिंहगढ़ महोत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके लिए विस्तृत एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित रूप दिया जा सके।



#### जल्दी होगीं कैंपिंग, बोटिंग एवं जिप्सी भ्रमण की व्यवस्थाए विकसित

इसके साथ ही बैठक में चिड़ीखो अभयारण्य में कैंपिंग, बोटिंग एवं जिप्सी भ्रमण की व्यवस्थाओं को विकसित करने पर चर्चा की गई। पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। मोहनपुरा डैम के समीप कृषि धाम स्थापित करने तथा वहाँ मत्स्य पालन एवं पशुपालन गतिविधियाँ प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही मोहनपुरा डैम में जल क्रीड़ाओं को बढ़ावा देने के लिए जल संसाधन विभाग को पत्राचार कर आवश्यक अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।जिला संग्रहालय को बड़े महल में स्थानांतरित कर राजगढ़ के इतिहास, संस्कृति एवं विरासत को व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

#### *हटाया जाएगा पर्यटन स्थलों से अतिक्रमण*


*जिले के प्यटक स्थलों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है , जिससे सारंगपुर के पर्यटन स्थलों पर अतिक्रमण हटाने की कार्वाई प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्यटकों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण मिल सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिले की पर्यटन गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित हो सकें।*

# जिला अस्पताल में किडनी रोगियों की डायलिसिस के लिए आई नई मशीनें

### 2 नई मशीन एवं 4 पुरानी मिलाकर कुल 6 से होगा इलाज

#### एक मशीन प्रतिदिन मिलेगा 2 से 3 मरीजों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



दिनों दिन बढ़ती जा रही किडनी रोगियों की संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल प्रबंधन नें कुछ समय पूर्व डायलिसिस मशीनों की मांग रखी थी जिसको न केवल स्वीकृती मिली बल्कि मशीनों को जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया है। गुरूवार को 2 नई डायलिसिस मशीनें जिला अस्पताल पहुंची। अब कुल मिलाकर 6 डायलिसिस मशीन हो गई है जिससे किडनी रोगियों को और जल्दी सुविधा का मिल सकेगी। जिला अस्पताल की सूची में 31 किडनी मरीजों की सूची है जिनको लगातार डायलिसिस की आवश्यकता पडती है। भविष्य मे किडनी मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर सिविल सर्जन ने नई मशीनों की मांग की थी जो विभाग द्वारा पूरी कर दी गई है जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।

#### एक दिन में 3 मरीजों का हो पाएगा डायलिसिस

एक मरीज का डायलिसिस करने में लगभग 4 घंटे लगते है तो कम से कम 2 और अधिक से अधिक 3 मरीजों का डायलिसिस प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे जो मरीज समय के अभाव के कारण भोपाल या इंदौर जाते थे उन्हें भी राहत मिलेगी।

#### आनंद धाम वृद्ध आश्रम गुना में समग्र कल्याण व योग शिविर आयोजित

**गुना।** मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला गुना द्वारा 19 एवं 20 फरवरी को आनंद धाम वृद्ध आश्रम गुना पर समग्र कल्याण शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा आश्रम में निवासरत तथा आस पास के ग्रामीण वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद, होम्योपैथ एवं यूनानी औषधि प्रदान की गई तथा उनकी ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लॉबिन की जांच भी की गई।

# कार खड़ी करने को लेकर खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज





**सारंगपुर।** शहर के नयापुरा मोहल्ले में गुरुवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच कार खड़ी करने की मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पक्ष द्वारा प्लॉट पर कार खड़ी करने को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसी बात पर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए। घटना के दौरान एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। अपराध क्रमांक 123626 में फरियादी जाकिर खा की रिपोर्ट पर अनीस पिता चांद खा, अरबाज, अमीन, रईस एवं अरशद के खिलाफ धारा 296ए, 11562, 35163 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं अपराध क्रमांक 125626 में फरियादी अनीस पिता चांद खा की रिपोर्ट पर जाकिर, नशीर, जाहिद एवं शाकिर के विरुद्ध धारा 296ए, 11562, 35163, 32465, 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

### जिला प्रशासन ने की सराहना, प्रदान किया प्रशंसा पत्र

# शासकीय विद्यालय निर्माण में किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण और जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बाड़ी ग्राम पंचायत चैनपुरकलां में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में निजी व्यय से विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इस सराहनीय पहल पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड़ को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जब समाज के सजग नागरिक शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में आगे आते हैं, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। विद्यालय निर्माण में दिए गए सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की आधारशिला है। ऐसे प्रयास न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का संचार करते हैं। यह पहल "सबका साथ, सबका विकास" की भावना को साकार करती है और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को मजबूत करती है।

साथ ही विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने भी इस योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से बच्चों को सुरक्षित, सुविधा जनक और प्रेरक शिक्षण वातावरण मिलेगा। जिला प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि समाज के अन्य नागरिक भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में इसी प्रकार आगे आकर सहभागिता निभाएँगे, ताकि जिले को प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।



# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया मंत्रियों का पुतला दहन

**माचलपुर।** मध्यप्रदेश के मंत्रियों की गलतबायन बाजी और स्वास्थ विभाग में खांसी की गलत दवाई से होने वाली बच्चो की मौत इंदौर के दूषित पानी से होने वाली 35 मौत को लेकर जब विधानसभा में यह मुद्दा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उठाया गया तो गलत शब्दो का उपयोग मध्य प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय महिलाओं को लेकर गलत बयानबाजी करने वाले मंत्री विजय शाह, स्वास्थ केंद्र गलत खांसी की दवाई से होने वाली बच्चो बड़ी संख्या मौत को लेकर स्वास्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ल सभी मंत्रियों के इस्तीफे की मांग करते हुए सयुक्त रूप से उनका पुतला दहन नगर के पोलखेड़ा चैराहे पर किया गया जिसमे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर पोलखेड़ा, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, बलवंत गुर्जर,दयाराम राठौर, भोलाराम दुबे,प्रकाश सोनी,राकेश बेरागी, संतराम पटेल पहलाद खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेपरमिट व बीमा के चल रहे 5 ऑटो पर कार्रवाई, 2500 राजस्व वसूला



**सारंगपुर।** नगर में बिना परमिट, बीमा और फिटनेस प्रमाणपत्र के ऑटो संचालित किए जाने की शिकायतों के बीच पुलिस ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पांच ऑटो ऐसे पाए गए जो बिना वैध परमिट, बीमा और फिटनेस के संचालित हो रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ऑटो चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और कुल 2500 का राजस्व वसूल किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिना बीमा के वाहन चलाने से दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को बीमा क्लेम नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया, ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और आमजन की सुरक्षा बनी रहे। कार्यवाही के दौरान पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की सख्ती को देखते हुए कई ऑटो चालक अपने वाहन लेकर मौके से हट गए, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऑटो चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# मावठे की बारिश से किसानों की गेहूं फसल प्रभावित, मुआवजे की मांग



**सारंगपुर।** क्षेत्र में अचानक हुई मावठे की बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ग्राम एहसानपुरा, निहाल सहित आसपास के अधिकांश गांवों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में तैयार खड़ी फसल बारिश और तेज हवा के कारण जमीन पर बिछ गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में थी। ऐसे में असमय हुई बारिश ने दानों की गुणवत्ता पर भी असर डाला है। कई स्थानों पर फसल पूरी तरह लेट गई है, जिससे कटाई में भी अतिरिक्त खर्च और मेहनत बढ़ेगी। यदि मौसम साफ नहीं हुआ तो नुकसान और अधिक बढ़ सकता है। ग्रामीण किसान रमेश पटेल, मांगीलाल, देवीसिंह, रमेश मनोहर, लववंशी, बाबू, सुनील, केशर सिंह सहित अन्य किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए। उनका कहना है कि कृषि विभाग और राजस्व अमले को मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करना चाहिए, ताकि किसानों को समय पर मुआवजा सहायता मिल सके। किसानों ने बताया कि पहले ही खेती की लागत बढ़ चुकी है। बीज, खाद और सिंचाई पर अधिक खर्च होने के बाद यदि फसल खराब होती है तो आर्थिक संकट गहरा जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की है, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके और अगली फसल की तैयारी में मदद मिल पाए।

### 17 से 20 फरवरी तक राजगढ़ में हुआ सफल आयोजन

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण में चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**ब्यावरा।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के अंतर्गत जिले में 17 फरवरी से 20 फरवरी, 2026 तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से संपादित करना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिलीप साहू एवं श्रीमती श्रुति पाटीदार द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया, प्रपत्रों के संधारण, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, हाउस लिस्टिंग तथा अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त चार्ज अधिकारी, अनुविभागीय चार्ज अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, नगरीय क्षेत्र हेतु आयोजित सत्र में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं प्रभारी पी.ओ. डूडा भी शामिल हुए।



इस अवसर पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी कमल किशोर राज की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना कार्य को गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए तथा इसे राष्ट्रीय महत्व का दायित्व बताते हुए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में जाति व जन्म प्रमाण पत्र बनाए



**सारंगपुर।** कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सारंगपुर ब्लॉक के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए आठ संकुल केंद्रों पर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं समग्र आईडी बनाने हेतु विशेष शिविर लगाए गए।

इसी कड़ी में उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में भी शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय की मौजूदगी में कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के 27 आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के लिए 9 आवेदन लिए गए।

विद्यार्थियों ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर प्रक्रिया पूरी की। प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समय पर दस्तावेज उपलब्ध हो सकें।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में

# कृषि विज्ञान मेला 23 से 25 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 23, 24 एवं 25 फरवरी 2026 को मोहनपुरा कृषि धाम (मोहनपुरा डेम के समीप), राजगढ़ में किया जाएगा।

उप संचालक सह परियोजना संचालक "आत्मा", किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कृषि मेला मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन तथा आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। मेले में उन्नत बीज, नवीन कृषि यंत्र, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मिलेट्स (श्री अन्न) उत्पादन, तिलहन फसलों की उन्नत तकनीक, उद्यानिकी फसल प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की जाएगी। साथ ही



प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले कृषकों को सभी योजनाओं की समुचित जानकारी, तकनीकी परामर्श एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि कृषि विज्ञान मेला किसानों के लिए नई तकनीकों को समझने, उत्पादन लागत कम करने तथा आय में वृद्धि के अवसरों को जानने का सशक्त मंच सिद्ध होगा। जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कृषि विज्ञान मेले में सहभागी होकर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# मौसम ने बदला मिजाज, लोगों को लेना पड़ा अलाव का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

गुरुवार शाम को अचानक बदले मौसम और शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे हुई बारिश ने क्षेत्र में एक बार फिर ठंड का एहसास करा दिया। जहां एक ओर लोग ग्रीष्म ऋतु की तैयारी में जुट गए थे और गर्म कपड़ों को समेटने लगे थे, वहीं मौसम के अप्रत्याशित बदलाव ने सभी को चैंका दिया। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे सुबह और रात के समय ठिठुरन बढ़ गई। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आए। प्रमुख चैराहों, बाजारों और ग्रामीण चैपालों पर सुबह से लेकर देर रात तक अलाव जलते रहे। ठंड से बचने के लिए बुजुर्ग, महिलाएं और युवा अलाव के आसपास बैठकर गर्मी लेते दिखाई दिए। अचानक बढ़ी सर्दी से दैनिक कामकाज पर भी असर पड़ा और लोग आवश्यक कार्यों के बाद जल्द ही घरों की ओर लौटते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### जैन प्रबुद्ध मंच शहर अध्यक्ष नियुक्त हुए अतुल जैन

**चापड़ा।** जिले में जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट का गठन किया गया है। जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट के मध्यप्रदेश राज्य अध्यक्ष विजयपाल जैन (टोंग्या) इंदौर ने चापड़ा शहर अध्यक्ष के रूप में समाजसेवी अतुल जैन को नियुक्ति प्रदान की है। संघ ने समाज की डिजिटल पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए "जैनत्व ऐप" को लॉन्च किया है। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि यह ऐप समाजजनों को एक ही मंच पर लाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से धार्मिक, सामाजिक और सेवाकार्यों की नवीनतम जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी। जैन की नियुक्ति पर जैन समाज ने बधाईयां देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### तालाबंदी करने के बाद जमा की बकाया राशि

**देवास।** निगम राजस्व विभाग टीम द्वारा सख्ती से कुर्की व तालबंदी जैसी कार्रवाई निरंतर की जा रही है। कार्रवाई के दौरान 1 लाख 10 हजार की राशि वसुली की गई। इसी अन्तर्गत प्रतिदिन बकायादरों पर कुर्की की व दुकान तालाबंदी की कार्रवाई निगम की टीम कर रही है। शुक्रवार को निगम टीम के द्वारा वार्ड 34 नयापुरा स्थित भवन पर संपत्ति कर राशि 31 हजार बकाया होने पर भवन स्वामि जमनाबाई उंकार लाल गुर्जर को सूचना पत्र दिए जाने के उपरांत भी राशि जमा नही करने पर भवन निर्मित दुकान पर कुर्की की कार्रवाई कर तालाबंदी की गई। निरंतर कार्रवाई के दौरान तुकोगंज रोड स्थित दुकानों टीम द्वारा तालाबंदी कार्रवाई के दौरान संबंधित 3 व्यवसाईयों से 1 लाख 10 हजार की बकाया संपत्तिकर की राशि जमा कराई। कार्रवाई मे निगम राजस्व उपनिरीक्षक संजय सांगते, सहायक राजस्व निरीक्षक हेमन्त धुरिया, शिरोमणी सिंह कुशवाह, गौतम तिवारी, सहायक सादिक खान, दिलीप तापकीर उपस्थित रहे।

### आयुष्मान इनसेंटिव घोटाले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी जांच के घेरे में

# आयुष्मान घोटाला: आष्टा के बाद जावर के लिए 7 सदस्यीय जांच टीम का किया गठन

जावर में बिना सर्जन के मरीजों के नाम पर आयुष्मान से निकाल लिए लाखों रुपए। आ सकते हैं कई अधिकारी-कर्मचारी भ्रष्टाचार की जद में।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आयुष्मान भारत योजना के तहत आष्टा में डॉक्टर्स और नर्सों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि (इंसेंटिव) में 46 लाख रुपए से अधिक के हुए घोटाले की आग अभी शांत भी नहीं हुई थी कि जावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी आयुष्मान योजना के इनसेंटिव में हुए घोटाले के मामले में भी जांच टीम का गठन हो गया है। जावर आयुष्मान घोटाले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने 7 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है, जिसमें सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव, डॉक्टर मालती आर्य, डॉक्टर अंकित चांडक, डॉक्टर सोनल डागा, डॉक्टर क्षमा बर्वे, डॉक्टर रवि जैन, डॉक्टर अर्जुन सूखेजा शामिल हैं। अब यह सात सदस्यीय जांच टीम जावर के मामले की जांच करेगी। खेर यही जांच टीम आष्टा के आयुष्मान घोटाले की जांच कर रही है। लेकिन अब तक यह जांच टीम अपने नतीजे तक नहीं पहुंची है। गौरतलब है कि आष्टा में 46 लाख रुपए से अधिक की राशि में धोखाधड़ी का मामला सामने आने के बाद से जिले के स्वाथ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ था। ऐसे में अब जावर में भी मामला सामने आने के बाद से स्वास्थ विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आ रहा है।

### जावर में लोगों ने खोला था मोर्चा, इलाज के नाम पर आयुष्मान से निकाली राशि

जावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिना ऑपरेशन थिएटर और बिना सर्जन के मरीजों के इलाज के नाम पर आयुष्मान योजना से लाखों रुपए के घोटाले की जानकारी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, फर्जी ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के इलाज के नाम पर उनके आयुष्मान योजना के खातों से हजारों रुपए की राशि निकाली गई। ऐसे सैकड़ों मरीजों के आयुष्मान योजना के खातों से राशि निकाली गई है ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि यह राशि करोड़ों रुपए में जा सकती है। गौरतलब है कि जावर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी आयुष्मान इंसेंटिव को लेकर विवादों में रह चुका है। यहां बिना ऑपरेशन थिएटर और बिना सर्जन के ही इंसेंटिव राशि उठाने का मामला सामने आया था। यह फर्जी ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के इलाज दिखाकर यह राशि निकाली गई। यदि वर्ष 2023 से 2025 के दावों की गहराई से जांच की जाए तो यह साफ हो सकता है कि कागजों में दर्ज बड़े ऑपरेशन हकीकत में हुए ही नहीं। इस पूरे मामले में जावर स्थानीय रहवासी भी खुलकर सामने आए थे और जावर तहसील कार्यकाल में ज्ञापन सौंप कर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग उठाई थी।

### यह होती आयुष्मान प्रोत्साहन राशि, जिसे स्वास्थ्य अमले ने बनाया कमाई का जरिया

आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्टाफ को मरीजों के इलाज के बदले प्रोत्साहन (इंसेंटिव) राशि दी जाती है। यह राशि क्लेम अमाउंट से तय मानकों के आधार पर बांटी जाती है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़े, स्टाफ का मनोबल बना रहे। इंसेंटिव की दरें और वितरण प्रक्रिया राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार तय की जाती है। लेकिन अब इसे सीहोर के स्वास्थ महकमे ने अपनी कमाई का जरिया बना कर आष्टा और जावर में करोड़ों का भ्रष्टाचार कर डाला। मामले में सीएमएचओ सुधीर कुमार डहरिया ने बताया कि जावर के स्वाथय केंद्र में शिकायत मिलने पर जांच टीम का गठन किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आदिवासी विकास परिषद और कांग्रेस ने जलाया मंत्री विजयवर्गीय का पुतला

### कार्रवाई करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पर विवादित टिप्पणी करने के विरोध में आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील कटारा व कांग्रेस ने कैलाश विजयवर्गीय का स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में उमंग सिंगार के सम्मान में कांग्रेस कार्यकर्ता मैदान में कैलाश विजयवर्गीय को बर्खास्त करो के नारों के साथ जमकर प्रदर्शन किया।

उपरोक्त अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार प्रदेश के 7.5 करोड़ लोगों की आवाज़ है वो इस प्रदेश के युवा किसान पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की आवाज उठाते हैं। इसलिए सरकार जवाब नहीं दे पाती है। हरपाल ठाकुर ने कहा कि जैसे ही उमंग सिंघार द्वारा किसानों कि बात की और प्रधानमंत्री अडानी को किसान की जमीन दे रहे हैं। अडानी के अलावा अमेरिका ट्रेड डील पर किसान के साथ अन्याय की बात की उससे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बौखला गए। हरपाल ठाकुर ने कहा कि देश के किसानों के अधिकार की लड़ाई हम देश के नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में लड़ेंगे मजबूती से लड़ेंगे। जिला आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सुनील कटारा ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्रीमंडल से बर्खास्त करना चाहिए हम किसी भी कीमत पर उमंग सिंघार जी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा विधानसभा में जनहित के मुद्दे उठा रहे थे। जिससे सरकार असहज महसूस कर रही थी। जिससे कैलाश विजयवर्गीय बौखला गए जो सदन की गरिमा के खिलाफ आचरण था। इसलिए उन्हें उमंग सिंघार से माफी मांगना चाहिए। उपरोक्त अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, जिला आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष सुनिल कटारा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण महेश मुंदीखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, एच आर परमाल, घनश्याम जांगड़ा, जगदीश चौहान, लोकेंद्र बनवट, सन्नवर खान, नवाब बेरी, नरेंद्र कुशवाह, फेशुद्दीन, शंकर बोड़ाना, जितेंद्र वर्मा फौजी, राकेश खरते, रिंकू नामदेव, निखिल कुशवाहा, निलेश पट, आशु नामदेव, जाहिर अंसारी, उबैश खान, असलम खान, दिलीप मालवीय, हसीन बेरी, जयदीप अमलामजजू, कुमेर सिंह दोनिया, सतीश मेवाड़ा, देवेन राजपूत, गोकुल राठौर, शावेज़ खान आदि उपस्थि रहे।

# देवास इंदौर बस चालकों ने की हड़ताल, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास-इंदौर के बस चालकों ने मंगलवार सुबह हड़ताल की घोषणा कर दी। हड़ताल ने शहर के आवागमन को बुरी तरह से प्रभावित किया। इंदौर-उज्जैन, भोपाल सहित अन्य शहरों को जाने वालों को बड़ी परेशानी महसूस हुई। बड़ी संख्या में अप-डाउनर्स बस का इंतजार करते रहे और आखिकार निराश होकर घर लौट गए। बस चालकों द्वारा कड़े नियमों की खिलाफत के स्वरूप यह हड़ताल की गई थी। चालकों की मुख्य मांग उन पर लगाई जा रही धारा 151 को हटाने की है। हड़ताल के चलते इंदौर-देवास रूट पर चलने वाली 60 से अधिक बसें बंद हो गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर बसों को तेज रफ्तार से चलाने और रेस लगाने के कुछ वीडियो वायरल हुए थे। प्रशासन ने इनका संज्ञान लेते हुए कुछ बस ड्राइवरों पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की थी। इसी के विरोध में यह हड़ताल बुलाई गई है। बस चालकों का कहना है कि छोटे-मोटे हादसों में भी पुलिस सीधे धारा 151 लगाकर ड्राइवरों को जेल भेज देती है। बसों का संचालन बंद होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा।

# शातिर वाहन चोर को नाहर दरवाजा पुलिस ने किया गिरफ्तार, वाहन जब्त

**देवास।** ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों ने अपनी भूमिका फिर साबित की है। थाना नाहर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में कैद शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में चोरी, नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने एवं उक्त घटनाओं में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने हेतु निर्दिशित किया गया है।

इसी क्रम में 28 जनवरी को फरियादी अशफाक खान निवासी 159 लक्ष्मी बाई मार्ग देवास ने थाना नाहर दरवाजा आकर रिपोर्ट करवाई कि 25 जनवरी को उसकी कपड़े की दुकान के सामने से अज्ञात



बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना नाहर दरवाजा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नाहर दरवाजा निरीक्षक अमित सोलंकी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरा चेक किये गये। जिसमें आरोपी के घटना कारित कर भागना कैद हुआ। सीसीटीवी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी ध्रुप उर्फ दुर्प चौहान निवासी ग्राम कंजर डेरा ओढ थाना सोनकच्छ जिला देवास को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साईकिल के अलावा सीहोर जिले से चोरी की गई अन्य तीन बाइक जप्त कर कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नाहर दरवाजा निरीक्षक अमित सोलंकी, कमलसिंह झोडीया, धर्मराजसिंह चौहान, भगवानसिंह राठौर, विकाश पटेल, नवदीप, धर्मेन्द की भूमिका रही।

# असमय बारिश से किसान चिंतित, फसलों पर मंडराया संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज/खाचरोद

शरद ऋतु बिदा लेने को है और ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होने वाली है, लेकिन इसी बीच हुई असमय वर्षा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार की मध्य रात्रि से दो से तीन दिन हो चुके हे हवा पानी के साथ हुई बारिश से मौसम अचानक बदले मिजाज ने खेतों में खड़ी फसलों के सामने नई समस्या खड़ी कर दी है। क्षेत्र के किसानों हेमराज वर्मा राजेंद्र वर्मा, नरेंद्र वर्मा, राजेंद्र धरवा, राधेश्यामपटेल, नारायण वर्मा, सुंदरलाल वर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर,का कहना है कि इस समय गेहूं, चना एवं सरसों की फसल पकने की अवस्था में है। ऐसे में बारिश होने से फसलों के गिरने, दाने काले पड़ने एवं उत्पादन घटने का खतरा बढ़ गया है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने कटाई की तैयारी कर ली थी, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

इस मौसम में अधिक नमी रहने से रोग एवं कीट प्रकोप भी बढ़ सकता है, जिससे उपज प्रभावित हो सकती है। किसानों ने प्रशासन से फसल सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। असमय वर्षा ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है।

### बारिश ने गेहूं की फसल को पहुंचाया नुकसान



**खाचरोद।** पिछले दिनों अचानक बदले मौसम ने क्षेत्र के किसानो की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम की बारिश और तेज हवा के चलते खेतों में लहरा रही गेहूं की फसल आडी हो गई है। कटाई के कुछ दिन सेंस है ऐसे में आई प्राकृतिक मार से किसानो की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। मौसम में खुली ठंडक ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इस बार किसानों को बेहतर पैदावार की उम्मीद थी लेकिन अचानक आई तेज हवाओं और बारिश ने गेहूं की खड़ी फसल को जमीन पर लेटा दिया है। गेहूं के पौधे आडे हो जाने से दाने पर असर पड़ेगा जिससे दाने बारिक रह जाएंगे गुणवत्ता खराब होने की संभावना है क्षेत्र के कई गांव में गेहूं की फसल आडी हो गई है। जिससे किसानों को काफी नुकसान की संभावना है। गांव के किसान शोभाराम जाट ने बताया कि मैंने अपने खेत में अच्छी क्वालिटी के गेहूं बोए थे। अचानक तेज हवा वह बारिश से मेरी गेहूं की फसल खेत में आडी हो गई है। जिससे मुझे काफी नुकसान हुआ है। मैंने आष्टा तहसीलदार व कृषि विभाग को अवगत कराया है। इसके बाद पटवारी ने खेत पर पहुंचकर गेहूं की आडी हुई फसल का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया। मेरी शासन से मांग है की फसल का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए।

अब किसान मौसम साफ होने और प्रशासनिक सहायता की उम्मीद लगाए बैठे हैं।किसानों का कहना है कि हमारी फसल बारिश एवं हवा के कारण नीचे गिर गई है जिस कारण में कहीं जगह ऊपर तो पूरी फसल आड़ी हो चुकी है जिस कारण किसानों को काफी नुकसान होगा किसानों का कहना है कि पहले ही हमारी फसलों का सही दाम नहीं मिल पाता है वही प्रकृति के मार हम किसानों पर फिर से पड़ी है हवा एवं पानी के कारण फसल जमीन पर गिर गई है जिस कारण हमारी फसल की पैदावार एवं फसल का दाना काला पड़ जाएगा एवं उपज कम होगी जिस कारण हम किसानों को काफी नुकसान होगा क्षेत्र के किसान जल्द ही क्षेत्र विधायक एवं तहसीलदार को आवेदन देंगे ताकि हमारी फसलों का सर्वे कराया जाए।

# खजूरिया कासम के एसबीएस कॉन्वेंट स्कूल में दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




एसबीएस हायर सेकंडरी स्कूल खजूरिया कासम में आयोजित दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं मार्गदर्शक पुष्पेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

समारोह में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की यादों को साझा किया, जिससे उपस्थित सभी विधार्थी एवं शिक्षक भावुक हो उठे।विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "आज का दिन केवल विदाई का नहीं, बल्कि नए सपनों की उड़ान का दिन है। आप जहां भी रहें, अपने संस्कारों और विद्यालय के नाम को ऊंचा रखें। शिक्षिका माया शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "विद्यालय केवल शिक्षा का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। यहां से प्राप्त संस्कार ही विद्यार्थियों को जीवन में सफलता दिलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्य भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार खेलवाल, उमाशंकर शर्मा, अनिल पाटीदार, देवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, फारुख मंसूरी, स्मिता मालवीय, मोनिका चौहान रियाना खान बलवान गोयल, पुष्पेन्द्र सिंह सहित सभी शिक्षक एवं विधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को सदैव गौरवान्वित करने का संकल्प लिया।


### नेमिनाथ मंदिर शिखर पर किया गया ध्वजारोहण

# भक्ति और उत्साह से मंत्रोच्चार कर गुरुमूर्ति की प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री गिरनार महातीर्थ आष्टा तीर्थ की 18वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम के दौरान हल्की वर्षा ने मानो इन्द्र देवता द्वारा इस आयोजन का स्वागत किया हो। आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज के सानिध्य में श्री नेमिनाथ आष्टा तीर्थ मंदिर के शिखर पर विधिवत ध्वजारोहण किया गया।

साथ ही नवनिर्मित गुरु मंदिर के शिखर पर भी ध्वजा फहराई गई एवं मंत्रोच्चार के साथ गुरुमूर्ति की प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। पूरे तीर्थ क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा।आचार्यश्री ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि भगवान नेमिनाथ जी नेमिजीव दया के अवतार रहे हैं। आज से 17 साल पहले नेमिनाथ महातीर्थ आष्टा की प्रतिष्ठा हुई थी। आष्टा तीर्थ के अधिपति श्री नेमिनाथ मंदिर के शिखर पर जहां ध्वजारोहण हुआ है, वहीं गुरु मंदिर के लाभार्थी पंकज भाई मोतीचंद झवेरी परिवार हमेशा भगवान की भक्ति एवं गुरु की सेवा के साथ -साथ जीव दया में भी अग्रणी रहते हैं। आपने कहा समाज में विवाह जैसे आयोजनों में लोग अनाप-शनाप व्यय करते हैं,



जीव दया जैसे पुण्य कार्यों में अपेक्षित सहयोग करें। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी सामर्थ्य अनुसार जीव दया के कार्यों में सहयोग करे।

आष्टा में जीव दया का कार्य सराहनीय रूप से चल रहा है, इसे और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। श्रीसंघ एवं किला मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार प्रातः 8 बजे सामूहिक स्नात्रोत्सव संपन्न हुआ। दोपहर में दादा के शिखर पर ध्वजारोहण तथा गुरु मंदिर में गुरुमूर्ति प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सकल श्रीसंघ का साधार्मिक वात्सल्य भोज एवं जिनालय में भव्य अंगरचना भी की गई। गुरुमूर्ति प्रतिष्ठा का लाभ पंकज भाई मोतीचंद झवेरी परिवार ने लिया, जबकि ऋजुबालिका तीर्थ निर्माता नंदप्रभा परिवार ध्वजारोहण के लाभार्थी रहे। रविवार को प्रातः 9 बजे प्रभावशाली श्री सिद्धचक्र महापूजन (लाभार्थीः इंद्राबेन अमृतलालजी सिंघवी परिवार, आष्टा-इंदौर) संपन्न होंगे। आगामी वर्ष 23 फरवरी की ध्वजा एवं अष्टप्रकारी पूजा के चढ़ावे की बोली भी इस अवसर पर लगाई गई। अगले वर्ष की ध्वजा के लाभार्थी पारसमल, कल्पेश, निलेश कुमार वोहरा तथा डॉ. जिनेंद्र पारख एवं प्रतीक पारख घोषित हुए। वासाक्षेप पूजा वर्षभर के लिए श्री पारसमल एवं निलेश कुमार वोहरा, दूध के लाभार्थी हेमंत कुमार एवं विनीत कुमार सिंगी, अंग लुछणा के लाभार्थी गुप्त-गुरु परिवार, बरास पूजन के लाभार्थी समपत भाई, केसर पूजा के लाभार्थी शीतल भाई राठौर, फूल पूजा के लाभार्थी हेमंत-विनीत सिंगी, चंदन पूजा के लाभार्थी चंदनमल-सचिन कोठारी एवं स्व. राजेश पारख-प्रशम पारखतथा धूप पूजा के लाभार्थी नेमीचंद-निर्मल कुमार रांका रहे। सप्ताहभर चलने वाले जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव को लेकर श्रीसंघ एवं तीर्थ समिति में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण का संचार हो रहा है।

# प्रभु कृपा से ही मिलता है भागवत का प्रसाद: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कथा से पूर्व मंगल कलश यात्रा निकाली गई। शुगर फैक्ट्री चौराहा स्थित मोर गार्डन में शनिवार को व्यासपीठाधीश कथा वाचक पं. राजेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को भागवत गीता का सार श्रवण कराया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाऐं शामिल रही अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। मुख्य यजमान के द्वारा गीताजी का पुजन किया गया। कथा वाचक पं.राजेश शर्मा ने कहा कि जीवन में भगवान की कथा ही हमें आस्था, प्रेम और स्नेह सिखाती है। प्रभु की कृपा से ही जीवन में कथा सत्संग भागवत का प्रसाद मिलता है। भक्ति की शक्ति हमें असामाजिक कार्यों से दूर रखती है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से सहपरिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।